जमीनी रंजिश में घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट, १४ पर केस दर्ज

लाठी-डंडों से हमले में पिता-पुत्र घायल, पुलिस ने शुरू की जांच

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के तिलई घीनपुर गांव में जमीनी रंजिश को लेकर घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लाठी-डंडों से हमला कर पिता-पुत्र को घायल कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने १४ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी अब्दुल रहीम पुत्र मोहम्मद हारून के मुताबिक विपक्षी विवादित जमीन की ओर खिड़की और दरवाजा लगा रहे थे। मना करने पर विवाद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। आरोप है कि पुलिस के लौटने के बाद विपक्षी एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस गये और तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने अब्दुल रहीम और उसके पिता हारून को घर से बाहर खींचकर लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गये। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आजम, रईस, असलम, आमिर, सुफियान, वसीम, नदीम, असरफान, शमीम, शैफ, कैफ, वकास, रफीक और सलमान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।



अंतर महाविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता की उपविजेता टीम।



करछना तहसील में प्रदर्शन करते राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता।

संदीप पर दर्ज मुकदमे में निष्पक्ष जांच की मांग

पुलिसकर्मियों पर भी कारर्वाई की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

करछना (प्रयागराज)। प्रतापगढ़ में गौरव विश्वकर्मा की हत्या के मामले में कारर्वाई और परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पुलिस के खिलाफ विरोध करने वाले संदीप विश्वकर्मा के समर्थन में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को करछना तहसील में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम करछना संदीप तिवारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गौरव विश्वकर्मा की हत्या के आरोपितों के खिलाफ कारर्वाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आवाज उठाने के बाद संदीप विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें इनामी घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे बड़ी संख्या में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने संदीप विश्वकर्मा के खिलाफ दर्ज एफआईआर की उच्चस्तरीय जांच कर उन्हें दोषमुक्त करने तथा मामले में जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कारर्वाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और पुलिस कारर्वाई की निष्पक्ष जांच के लिए शासन स्तर से हस्तक्षेप किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जमुआ गांव में महिला ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद करतीं एमएसके टीम की सदस्य।

मदद के बहाने कारोबारी से २४ हजार रुपये की ठगी

कार्ड फंसने पर तीन युवकों ने टोल फ्री नंबर पर कराया संपर्क

नैनी (प्रयागराज)। मेवालाल बगिया स्थित एचडीएफसी एटीएम में कार्ड फंसने के बाद मदद के बहाने एक कारोबारी से २४ हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना की शिकायत नैनी कोतवाली में करने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मासिका, औद्योगिक क्षेत्र नैनी निवासी कारोबारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि दो अक्तूबर को वह मेवालाल बगिया स्थित एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। आरोप है कि वहां मौजूद तीन लोगों ने मदद के नाम पर उन्हें एक टोल फ्री नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी। फोन पर बताए गये निर्देशों के बाद उनके खाते से २४ हजार रुपये निकाल लिए गये। प्रमोद के मुताबिक, अगले दिन वह दोबारा उसी एटीएम के अंदर पहुंचे तो अचानक सायरन के स्पीकर से आवाज आने लगी कि वह वही व्यक्ति हैं, जिसके साथ ठगी हुई है। इसी दौरान कथित तौर पर उसी नंबर से उनके मोबाइल पर दोबारा फोन भी आया, जिस नंबर से घटना वाले दिन बातचीत हुई थी। पीड़ित ने अपने साथ मौजूद पुलिसकर्मी से भी उस नंबर पर बात कराई। पीड़ित ने एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था और उसी नंबर से दोबारा फोन आने को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी और कारर्वाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़खानी हाथ मरोड़कर घसीटने का आरोप

विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने का आरोप, युवक सहित परिजनों पर मुकदमा

सोरांव (प्रयागराज)। कृष्णापुर गांव में कंप्यूटर कोचिंग जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी, मारपीट और जबरन दोपहिया वाहन पर बैठाने के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा का आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने उसका हाथ मरोड़कर कुछ दूर तक घसीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रा के मुताबिक, चार अक्तूबर की सुबह करीब आठ बजे वह कंप्यूटर कोचिंग के लिए प्रेमनगर चौराहे जा रही थी। रास्ते में गांव का राज गौतम पुत्र प्रदीप कुमार गौतम कथित तौर पर पहले से खड़ा था। आरोप है कि उसने छात्रा को रोककर दोपहिया वाहन पर जबरन बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी ने कथित तौर पर मारपीट की और उसका दाहिना हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। आरोप है कि इसके बाद भी उसने हाथ नहीं छोड़ा और कुछ दूर तक छात्रा को घसीटता ले गया, जिससे उसे चोटें आईं। छात्रा ने आरोप लगाया कि जाते समय युवक ने दोबारा अकेले मिलने पर धमकी भी दी। घर पहुंचकर छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसके माता-पिता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां युवक के माता-पिता ने भी छात्रा के परिवार से अभद्रता और गालीगलौज की तथा धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपों की पुष्टि के आधार पर आगे की कारर्वाई की जाएगी।

अंतर महाविद्यालयीय वालीबाल में डिग्री कालेज उपरदहा उपविजेता

सेमीफाइनल में प्रतापगढ़ और फाफामऊ की टीमों को हराकर फाइनल में बनायी जगह

हंडिया (प्रयागराज)। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता में डिग्री कालेज उपरदहा, बरौत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। टीम की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में उपरदहा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पीवीपीजी कालेज, सिटी प्रतापगढ़ और डा. एच. रिजवी कालेज, फाफामऊ की टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला प्रोफेसर राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय की टीम से हुआ। दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। उपरदहा के खिलाड़ियों ने पूरे दमखम के साथ मुकाबला किया, लेकिन १५-११ और १५-८ के स्कोर से उसे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। टीम की उपलब्धि पर महाविद्यालय के संरक्षक डा. घनश्याम सिंह, प्रबंधक विनोद कुमार सिंह (अशोक), निदेशक विवेक कुमार सिंह और प्राचार्य डा. धीरज कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डा. संतोष सिंह, डा. सुमित कुमार सिंह, डा. आदित्य पांडेय, रमाशंकर यादव, चंद्रजीत यादव, गुलाब पाल, आदर्श मिश्रा और मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। क्रीड़ा सचिव आनंद कुमार यादव ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहनीय बताया।

विधवा महिला से घर में घुसकर मारपीट, चार पर केस दर्ज

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत समोगरा गांव में मंगलवार दोपहर एक विधवा महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समोगरा गांव निवासी पीड़िता सरिफून निशा के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब दो बजे गांव के ही सद्दाम हुसैन, मोहम्मद उमर, किसमुतुम निशा और रेहाना बेगम लामबंद होकर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियार से लैस होकर उसके घर पर चढ़ आए। आरोप है कि हमलावरों ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने शाम करीब चार बजे चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां उसके चोटिल होने की पुष्टि हुई।

रामनगर चौकी प्रभारी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। मेडिकल परीक्षण में चोट की पुष्टि हुई है और पूरे मामले की विधिक जांच की जा रही है। जांचोपरांत अग्रिम वैधानिक कारर्वाई की जाएगी।

मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भारतगंज (प्रयागराज)। अनियंत्रित मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भौंसरा जागीर गांव निवासी सिद्धनाथ तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अक्तूबर की शाम करीब छह बजे उनका बेटा जय प्रकाश तिवारी उर्फ रिंकू बाइक से मांडा रोड की ओर जा रहा था। राजापुर गांव के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जय प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए नैनी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

महिला ग्राम चौपाल में सुरक्षा और सुविधाओं की ली जानकारी

जमुआ में एमएसके टीम ने महिलाओं से किया संवाद

मेजारोड (प्रयागराज)। थाना मेजा की एमएसके टीम की ओर से मंगलवार को ग्राम पंचायत जमुआ में महिला ग्राम चौपाल आयोजित की गयी। इसमें महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली गयी। चौपाल में १७ महिलाओं सहित ३२ ग्रामीणों ने भाग लिया।

महिलाओं ने गांव के मुख्य मार्गों पर खराब पड़ी सोलर लाइटों का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि रात में पर्याप्त रोशनी नहीं होने से आवागमन में परेशानी होती है और असुरक्षा का एहसास रहता है। महिलाओं ने गांव में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने की समस्या भी बताई। इसके चलते रात के समय खुले में शौच जाने की मजबूरी की बात कही गयी। दोनों समस्याओं से मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया।

ग्रामीणों ने पुलिस से जुड़ी कोई विशेष शिकायत नहीं की, लेकिन गांव में नियमित गश्त और शिकायतों पर त्वरित कारर्वाई की अपेक्षा जताई। एमएसके टीम ने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन १०९०, आपातकालीन सेवा ११२ और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

एमएसके टीम प्रभारी उपनिरीक्षक कुसुम लता और हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने ग्रामीणों से संवाद किया। चौपाल में सामने आई समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा आवश्यक कारर्वाई के लिए बीट और हल्का प्रभारी को निर्देशित किया गया।

चौपाल लगाकर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

साइबर ठगी और महिला उत्पीड़न से बचाव के बताए तरीके

भारतगंज (प्रयागराज)। मंगलवार शाम भारतगंज चौकी क्षेत्र के राजापुर ग्राम पंचायत स्थित ग्राम सचिवालय में मांडा पुलिस ने चौपाल लगाकर महिलाओं को साइबर ठगी, जालसाजी और महिला उत्पीड़न से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता और जरूरत पड़ने पर पुलिस से सहायता लेने की जानकारी दी गयी। चौपाल की अध्यक्षता करते हुए मांडा थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने महिलाओं को साइबर ठगों से सावधान रहने तथा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद लेने की अपील की। उन्होंने पुलिस विभाग के हेल्पलाइन नंबर ११२ सहित अन्य टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। साथ ही पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर भी साझा किए।

चौपाल का संचालन भारतगंज चौकी प्रभारी हर्ष कुमार ने किया। महिला दरोगा नीरज कुमारी, महिला आरक्षी खुशबू, ऋद्धि चौहान और मोना मौर्या ने भी महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं। ग्राम पंचायत प्रशासक एवं पूर्व प्रधान संघ मांडा ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह 'राजू' ने पुलिस अधिकारियों और महिलाओं के प्रति आभार जताया।

सूचना

मेरे पिता का नाम ड्राइविंग लाइसेंस में मोईनउद्दीन अंकित है जो गलत है, जबकि सही नाम मोबीन उद्दीन है जो कि आधार कार्ड 4351 8304 3074 में है अतः मोईन उद्दीन के स्थान पर सही नाम मोबिन उद्दीन लिखा पढ़ा समझा जाए। मो0 तालिब पुत्र-मोबीन उद्दीन नि0-हटवा उपरहार प्रयागराज

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परी सिंह (PARI SINGH) पुराने नाम को अब से परी सिंह रघुवंशी (PARI SINGH RAGHUVANSHI) नए नाम से जाना और पहचाना जाए। जिसकी सही जन्मतिथि 26.01.2011 है।

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1875333 का प्रमाण पत्र-सह अंक पत्र वास्तव कहीं खो गया। है। कु. काजल यादव पुत्री-राजेश यादव पता-225/18बी/1 बेनीगंज-प्रयागराज

सूचना-मेरा हाई स्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1724538 का अंक पत्र वास्तव खो गया। है। नाम-राजेश सिंह पुत्र-वीरेन्द्र कुमार निवासी-गांव मटीही, बकचुंदा मेजा-प्रयागराज

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि युवराज सिंह यादव (YUVRAJ SINGH YADAV) पुराने नाम को अब से युवराज यादव (YUVRAJ YADAV) नए नाम से जाना और पहचाना जाए। जिसकी सही जन्मतिथि 12.02.2011 है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आकांक्षा यादव (पुत्री रमेश कुमार यादव एवं माता- सुनीता यादव) की जन्मतिथि 01.01.2008 (जो कि गलत है) सही जन्मतिथि 01.01.2012 सही जन्मतिथि है।

सूचना

मैं विनोद कुमार गौतम पुत्र स्व.राम दुलारे निवासी म.नं.118 पुराना कटरा बख्तियारी, टोला कटरा प्रयागराज अपने पूरे होशो हवास और ठंडे दिमाग से सोच समझकर ये बयान करता हूं कि मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद मेरे पुत्र शुभम गौतम से मेरा कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं है और उसकी सभी कृत्यों लेन देन से हमारा कोई भी सरोकार नहीं रहेगा उसका वह खुद ही जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम फूलचन्द्र जायसवाल पुत्र श्री भगोले राम है जो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेख एवं पैनकार्ड में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार संख्या XXXX XXXX 3885 में मेरा नाम फूल चन्द्र अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे सही नाम फूल चन्द्र जायसवाल पुत्र श्री भगोले राम के नाम से जाना पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। फूल चन्द्र जायसवाल पुत्र श्री भगोले राम निवासी-ग्राम व पोस्ट बेलहट, तह0 कोरांव मेजा खास, प्रयागराज 212302

बिजली का तार दौड़ाने के विवाद में दुकान में घुसकर मारपीट

बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के लोगों से भी मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

नैनी (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के बड़ा कंजासा गांव में बिजली का तार दौड़ाने को लेकर हुए विवाद में दुकान में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर घूरपुर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, बड़ा कंजासा निवासी संतोष कुमार पुत्र राम प्रताप निषाद ने पुलिस को बताया कि ४ अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान पर था। इसी दौरान बिजली का तार दौड़ाने को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के राका निषाद, सूरज निषाद पुत्र शिवचंद निषाद, मैकू निषाद पुत्र रामलखन निषाद और नितेश निषाद पुत्र राका निषाद कथित तौर पर दुकान में घुस आए। आरोप है कि आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए संतोष के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची शांती पत्नी शुनील, अशोक निषाद पुत्र स्वर्गीय फूलचंद और अशोक की पत्नी के साथ भी मारपीट की गयी। पीड़ित पक्ष ने मारपीट में सभी को चोटें आने का आरोप लगाया है। तहरीर में आरोप है कि जाते समय आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक घूरपुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

जिला जेल में बंद कैदी की एसआरएन में मौत

नैनी, प्रयागराज। नैनी स्थित जिला कारागार में बंद कैदी की स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद जेल प्रशासन ने नैनी कोतवाली के माध्यम से परिजनों को सूचना देकर शव सौंप दिया।

मृतक की पहचान ब्लाक अलापुर निवासी सिकंदर पासी के रूप में हुई है। जेल प्रशासन के अनुसार नौ मई को अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल अधीक्षक अमित दुबे के निर्देश पर उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान ३० मई की देर रात उसकी मौत हो गयी।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विधायक राजमणि कोल।

एनआरएलएम ने महिलाओं के लिए खोली स्वावलंबन की राह

समूह की आमसभा में बेहतर कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित

कोरांव (प्रयागराज)। भाजपा विधायक राजमणि कोल ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ आत्मसम्मान की राह पर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं समूहों से जुड़कर बचत और ऋण के माध्यम से स्वरोजगार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

विधायक भागीरथी गार्डन में परिवर्तन आजीविका महिला संकुल संघ तराव की ओर से आयोजित वार्षिक आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। समूहों के माध्यम से महिलाएं अपने बच्चों की शिक्षा और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में प्रस्तुत 'बेटियों, बाप की पगड़ी मत उछालना' नाटक की भी सराहना की गयी। बीडीओ राहुल मिश्र ने कहा कि समूह की महिलाओं ने पात्र गृहस्थी योजना से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने छूटे पात्र परिवारों को भी योजना से जोड़ने तथा महिलाओं से समूहों के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा महिला जिला उपाध्यक्ष संतरा देवी निषाद, रेवती पाल, रामकृष्ण केसरी, विधायक प्रतिनिधि अखंड पांडेय, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, विवेक कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे। बेहतर कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

बकरियों को बचाने में अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल

खीरी (प्रयागराज)। नारीबारी-कोरांव मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे तुर्कपुरवा गांव के पास अचानक सड़क पर आई बकरियों को बचाने के प्रयास में बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में उसके शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। बताया गया कि डीही पटखा गांव निवासी मोहम्मद फिरोज, जो एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता हैं, अपने बेटे अब्राहम को छुट्टी के बाद न्यू एरा पब्लिक स्कूल जोरवट से लेने जा रहे थे। इसी दौरान तुर्कपुरवा गांव के समीप अचानक बकरियों का झुंड बाइक के सामने आ गया। उन्हें बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गयी और वह गिरकर घायल हो गये। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। खीरी पुलिस की मदद से घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पोस्टमास्टर जनरल ने शाखा डाकपालों से किया संवाद

गांवों में जागरूकता बढ़ाने का दिया निर्देश

फाफामऊ (प्रयागराज)। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं एवं आम लोगों तक पहुंचाने के लिए डाक विभाग ने गोहरी शाखा डाकघर में विशेष बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पोस्टमास्टर जनरल प्रयागराज, प्रयागराज मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पीसी तिवारी, उत्तरी उपमंडल के निरीक्षक मनीष कुमार सहित करीब २० शाखा डाकपाल और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल ने शाखा डाकपालों से सीधे संवाद कर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं के संचालन, दैनिक कार्यों और मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को डाक विभाग की बचत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने शाखा डाकपालों को गांव-गांव जाकर महिलाओं और अन्य पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक बचत खाते खोलने के निर्देश दिए। बताया गया कि खातों के माध्यम से पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनोपयोगी बनाने पर भी चर्चा हुई।



गोहरी शाखा डाकघर में विशेष बैठक एवं संवाद कार्यक्रम में मौजूद लोग।

आज का मुहूर्त

दिनांक- ७ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- द्वादशी रात्रि ११.१२ तक उपरान्त त्रयोदशी
वार- बुधवार
नक्षत्र- मघा रात्रि १०.४० तक उपरान्त पूर्वा फाल्गुनी(मूल संज्ञक)
योग- साध्य शुक्ल
राशि- सिंह
सूर्योदय- ०६.१० बजे
सूर्यास्त- ०५.५० बजे
राहुकाल- दिन में ०१.३० से ०३ बजे तक
भद्रा- नहीं है
मुहूर्त- आज द्वादशी तिथि का श्राद्ध है इस तिथि को पितरों के अतिरिक्त यति संन्यासी और वैष्णव का भी श्राद्ध किया जाता है। साथ ही आज मघा नक्षत्र का भी श्राद्ध है।



शुआट्स में अंतर-सदनीय वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम।

पहले दिन ब्लू और पिंक हाउस ने दर्ज की जीत

शुआट्स में अंतर-सदनीय वालीबाल प्रतियोगिता शुरू

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलाजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में अंतर-सदनीय वालीबाल प्रतियोगिता २०२६ का सोमवार को शुभारंभ हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एथलेटिक्स कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले पांच से २३ अक्टूबर तक खेले जाएंगे।

उद्घाटन समारोह में जिला वालीबाल संघ प्रयागराज के सचिव आरपी शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी एवं उत्तर प्रदेश टीम के कोच मुकेश शुक्ला तथा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं वालीबाल खिलाड़ी महफूज आलम विशिष्ट अतिथि रहे। विभागाध्यक्ष एवं एथलेटिक्स कमेटी के सचिव आशीष मैसी ने मुख्य अतिथि को पौधा एवं गमला भेंट कर सम्मानित किया। महिला वर्ग के उद्घाटन मुकाबले में ब्लू हाउस ने येलो हाउस को २५-२३, २५-१९ से हराया। पुरुष वर्ग में पिंक हाउस ने येलो हाउस पर २५-२१, २५-२० से जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि आरपी शुक्ला ने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रयागराज के पूर्व अंतरराष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी एवं उत्तर प्रदेश वालीबाल एसोसिएशन के पूर्व महासचिव स्वर्गीय भृगुराम पांडेय को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर अजय कुमार, डा. अचिंत टैरेंस, विल्सन, डा. गौरव यादव, तनवीर अहमद, अशोक कुमार सिंह, परवेज आलम, संजय दास, मोहम्मद फैजल, नरेंद्र और आजाद सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे

No.: Dy. CEE/PU/PRYJ/EIG/D117/2026 दिनांक : 30.09.2026

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइनों और परिसरों का इस्तेमाल करने वाले सभी उपभोक्ताओं को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 132 के.वी., 50 हर्टज ए.सी. ट्रांसमिशन लाइन (दोहरा सर्किट) तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से ट्रांसमिशन लाइन को हर समय 'लाइव' (बिजली से चालू) माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस ट्रांसमिशन लाइन के पास नहीं जाएगा और न ही उसके आस-पास कोई काम करेगा।

मंडल : प्रयागराज, दिनांक: 30.10.2026 को अथवा उसके पश्चात।

खण्ड का नाम: उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के जिवनाथपुर-कानपुर सेक्शन में नैनी रेलवे ट्रैक्शन सब-स्टेशन के पास, नैनी (तहसील-करछना, जिला-प्रयागराज) से गुजरने वाली 132kV, 3-फेज़, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन (टावर नंबर 106 से 106B के बीच)।

द्वारा निर्गतः
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना
2262/26 (MG) उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

क्षेत्रीय कार्यालय : यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि.

9. अमरनाथ झा मार्ग, प्रयागराज। Gst no-09AAAAU0373POZE

ई-निविदा सूचना

मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 धान खरीद एवं 2027-28 गेहूँ खरीद के हैण्डलिंग हेतु पी0सी0ए0फ0 प्रयागराज मण्डल के प्रस्तावित / अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारों /फर्मो / प्रोप्राइटर / कम्पनी आदि से दिनांक 13.10.2026 को दिन के 02.00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त से सम्बन्धित जानकारी iuqt0 fufoefs/vq/ojd/jo की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, पी0सी0ए0फ0, प्रयागराज तथा दूरभाष नम्बर 8765984540 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह./-
क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी.सी.ए.फ.
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज

पत्रांक-पी0सी.ए.फ./प्रा.स.-ई.टेण्डर/2026-27/336 दिनांक-06.10.2026